**इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स का मासिक न्यूज़लेटर** प्रति वर्ष 40/रुपये
(आईएसओ 9001 : 2008 प्रमाणित संगठन)

# आईआईबीएफ विज़न

व्यावसायिक उत्कृष्टता
के प्रति प्रतिबद्ध

खंड सं. : 8 अंक सं. :7 परवरी, 2016 पृष्ठों की सं 14

**दर्शन (विज़न):** "बैंकिंग एवं वित्त के क्षेत्र में सक्षम व्यावसायिक विकसित और शिक्षित करना।

**ध्येय (मिशन) :** "प्राथमिक रूप से शिक्षण, प्रशिक्षण, परीक्षा, परामर्श / सलाह और निरंतर आधार वाले व्यावसायिक विकास कार्यक्रमों की प्रक्रिया के माध्यम से व्यावसायिक रूप से सुयोग्य और सक्षम बैंकरों एवं वित्तीय व्यावसायिकों का विकास करना।"

**इस अंक में**

मौद्रिक नीति ----------------------------------------------------------2
मुख्य घटनाएं ---------------------------------------------------------- 2
बैंकिंग से सम्बन्धित नीतियां----------------------------------------------3
बैंकिंग जगत की घटनाएं-----------------------------------------------4
बीमा -----------------------------------------------------------------7
अर्थव्यवस्था ----------------------------------------------------------8
नयी नियुक्तिया --------------------------------------------------------8
उत्पाद एवं गठजोड -----------------------------------------------------9
विदेशी मुद्रा ----------------------------------------------------------9
शब्दावली --------------------------------- ---------------------- -----10
वित्तीय क्षेत्र की बुनियादी जानकारी ---------------------------------------10
संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां -----------------------------------------11
संस्थान समाचार -------------------------------------------------------12
बाज़ार की खबरें -------------------------------------------------------13

"इस प्रकाशन में समाविष्ट सूचना / समाचार की मदें सार्वजनिक उपयोग अथवा उपभोग हेतु विविध बाह्य स्रोतों / मीडिया में प्रकाशित हो चुकी / चुके हैं और अब वे केवल सदस्यों एवं अभिदाताओं के लिए प्रकाशित की / किए जा रही / रहे हैं। उक्त सूचना / समाचार की मदों में व्यक्त किए गए विचार अथवा वर्णित / उल्लिखित घटनाएं सम्बन्धित स्रोत द्वारा यथा अनुभूत हैं। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स समाचार मदों / घटनाओं अथवा जिस किसी भी प्रकार की सूचना की सच्चाई अथवा यथार्थता अथवा अन्यथा के लिए किसी प्रकार से न तो उत्तरदायी है, न ही कोई उत्तरदायित्व स्वीकार करता है।"

# छठा द्विमासिक मौद्रिक नीति वक्तव्य , 2015-16

वर्तमान और उभरती स्थूल आर्थिक स्थिति के मूल्यांकन के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैक ने निम्नलिखित उपाय करने का निर्णय लिया है :

- चलनिधि समायोजन सुविधा (LAF) के तहत नीतिगत पुनर्खरीद (repo) दर 6.75% पर अपरिवर्तित रखने।
- अनुसूचित बैंकों का आरक्षित नकदी निधि अनुपात (CRR) निवल मांग एवं सावधि देयताओं (NDTL) के 4.0% पर अपरिवर्तित रखने।
- बैंक-वार निवल मांग एवं सावधि देयताओं के 0.25 प्रतिशत पर एक-दिवसीय पुनर्खरीद के तहत चलनिधि समायोजन सुविधा की पुनर्खरीद दर पर तथा 14 दिवसीय मीयादी पुनर्खरीद दर और उसके साथ ही बैंकिंग प्रणाली की निवल मांग एवं सावधि देयताओं के 0.75 प्रतिशत तक की अपेक्षाकृत लम्बी अवधियों के लिए नीलामियों के माध्यम से चलनिधि प्रदान करने का क्रम जारी रखने।
- चलनिधि को सहज बनाने हेतु दैनिक रूप से परिवर्ती दर वाली पुनर्खरीदों और प्रति-पुनर्खरीदों (reverse repos) को जारी रखने।

फलत: चलनिधि समायोजन सुविधा के तहत प्रति-पुनर्खरीद दर 5.75 प्रतिशत पर और सीमांत स्थायी सुविधा (MSF) दर तथा बैंक दर 7.75 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहेगी।

# मुख्य घटनाएं

### मुद्रा ऋणों के लिए ऋण गारंटी - पुनर्वित्त परिचालनों को बढ़ावा

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने सूक्ष्म इकाई विकास पुनर्वित्त एजेन्सी (MUDRA) ऋणों के लिए एक ऋण गारंटी निधि के सृजन तथा मुद्रा लिमिटेड को भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) की एक पूर्णत: स्वाधिकृत सहायक कम्पनी मुद्रा भारतीय लघु
उद्योग विकास बैंक (SIDBI) के रूप में परिवर्तित करने के निर्णय को अपना अनुमोदन प्रदान कर

दिया है। उक्त निधि से पहले दृष्टांत में सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को 1,00,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य वाले ऋणों को गारंटी दिए जाने की अपेक्षा है। मुद्रा (भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक) बैंक पुनर्वित्त परिचालन आरंभ करेगा तथा भारत सरकार द्वारा सौंपी / सूचित की जाने वाली किसी अन्य गतिविधि के अलावा पोर्टल प्रबन्धन, डाटा विश्लेषण आदि पर संकेन्द्रण के साथ सेवाएं प्रदान करेगा।

### अटल पेंशन योजना (APY) के तहत सह-अंशदान का समय विस्तारित

भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि प्रति वर्ष 1,000 रुपये तक के कुल निर्धारित अंशदान के 50% का केन्द्रीय सरकार द्वारा सह-अंशदान उन पात्र अभिदानकर्ताओं को उपलब्ध होगा जो अटल पेंशन योजना में 31 मार्च, 2016 तक शामिल होंगे। इस उपाय से पर्याप्त संख्या में ऐसे लोगों को लाभ होगा जो अटल पेंशन योजना में शामिल होने में समर्थ नहीं हो पाए हैं और इसलिए सरकार द्वारा 31 मार्च, 2015 तक किए गए सह-अंशदान का लाभ प्राप्त करने में असफल हो गए हैं।

## बैंकिंग से सम्बन्धित नीतियां

### बैंक के ग्राहकेतर उधारकर्ताओं को गैर-निधि-आधारित सुविधा

भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को उन ग्राहकों, जो भारत मे किसी भी बैंक से कोई निधि-आधारित सुविधा नहीं प्राप्त करते, को कुछेक शर्तों पर आंशिक ऋण वृद्धि (PCE) सहित गैर-निधि-आधारित सुविधाएं मंजूर करने की अनुमति प्रदान की है। बैंको को इसप्रकार के उधारकर्ताओं को गैर-निधि-आधारित सुविधा मंजूर करने के लिए बोर्ड अनुमोदित एक व्यापक ऋण नीति निर्धारित करने की सलाह दी गई है।

### आईएफएससी बैंकिंग इकाइया विदेशी मुद्रा चालू खाते खोल सकती हैं

अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्र बैंकिंग इकाइयां (IBUs) अब अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केन्द्रों में परिचालन करने वाली इकाइयों और अनिवासी संस्थागत निवेशकों के निवेश से सम्बन्धित लेनदेनों को सुगम बनाने के लिए उनके विदेशी मुद्रा चालू खाते  खोल सकती हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने पुन: स्पष्ट किया है कि आइएफएससी बैंकिंग इकाइयां उच्च निवल मालियत वाले व्यक्तियों (HNIs) सहित खुदरा ग्राहकों से देयताएं नहीं जुटा सकतीं। इसके अतिरिक्त आईएफएससी बैंकिंग इकाइयों में चालू खाता धारकों को कोई चेक बुक सुविधा नहीं प्राप्त होगी। इन खातों के माध्यम से सभी लेनदेन आवश्यक रूप से बैंक लेनदेनों के जरिये किए जाने चाहिए।

### भारतीय रिज़र्व बैंक ने स्वर्ण मुद्रीकरण से सम्बन्धित दिशानिर्देश संशोधित किए .

भारतीय रिज़र्व बैंक ने स्वर्ण मुद्रीकरण योजना से सम्बन्धित संशोधित दिशानिर्देश जारी किए हैं जिनके द्वारा जमाकर्ता क्रमश: तीन वर्ष और पांच वर्ष की न्यूनतम अवरुद्धता अवधि के बाद मध्यम अवधि और दीर्घ अवधि वाली सरकारी जमाराशियां समय-पूर्व आहरित करने में समर्थ हो जाएंगे। हालांकि, समय-पूर्व आहरणों के लिए उस वास्तविक अवधि जिसके लिए जमा रखी गई थी के आधार पर कमतर ब्याज दर के रूप में जुरमाना लगेगा।

# बैंकिंग जगत की घटनाएं

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने जाहिर की मध्यावधिक रणनीति

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारत सरकार के साथ परामर्श से मध्यावधिक ऋण प्रबन्धन रणनीति (MTDS) को सार्वजनिक अधिकार क्षेत्र में ला दिया है। उक्त रणनीति तीन वर्ष (2015-16-1017-18) की अवधि के लिए तैयार की गई है। इस रणनीति के दस्तावेज़ में उद्देश्यों, सरकारी उधारों के जोखिम विश्लेषण तथा अपनाई जाने वाली रणनीति का समावेश है। मध्यावधिक ऋण प्रबन्धन रणनीति मध्यावधिक राजकोषीय नीतिगत वक्तव्य (MTFPS) से सुसंगत है। मध्यावधिक ऋण प्रबन्धन रणनीति तीन व्यापक स्तंभों,यथा- कम लागत, जोखिम न्यूनीकरण और बाज़ार विकास पर टिकी है। मध्यावधिक ऋण प्रबन्धन रणनीति युक्तियुक्त अंतरराष्ट्रीय प्रथाओं के आधार पर और घरेलू आर्थिक और वित्तीय स्थितियों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है। उदीयमान स्थितियों का प्रतिबिंबन करने के लिए मध्यावधिक ऋण प्रबन्धन रणनीति को वार्षिक आधार पर अद्यतन किया जाएगा।

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों - सूक्ष्म वित्त संस्थाओं के लिए 9.45% की आधार दर निर्धारित की

भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह सूचित किया है कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों - सूक्ष्म वित्त संस्थाओं द्वारा 01 जनवरी, 2016 से आरंभ होने वाली तिमाही से ऋण के लिए लागू की जाने वाली दर 9.45% होगी। इसके पूर्व भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह सूचित किया था कि वह गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों - सूक्ष्म वित्त संस्थाओं द्वारा उनके उधारकर्ताओं से आगामी तिमाही में प्रभारित की जाने वाली ब्याज दरों का निर्धारण करने के उद्देश्य से पांच सबसे बड़े वाणिज्यिक बैंको की आधार दरों के औसत प्रत्येक तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को सूचित करेगा।

## विदेशी सहायक कम्पनियों को ऋण के लिए मानदंड आशोधित

भारतीय रिज़र्व बैंक ने भारतीय कम्पनियों की उन विदेशी उप-अनुषंगी संस्थाओं, जो पूर्णत: स्वाधिकृत (पहले स्तर से परे वाली संस्थाओं सहित) न हों, को विदेशों में आरंभ की गई



परियोजनाओं का वित्तीयन करने हेतु ऋण सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से बैंकों के लिए मानदंडों को आशोधित कर दिया है। बैंक इन सहायक कम्पनियों को निधिक और /अथवा गैर-निधिक ऋण सुविधाएं प्रदान कर सकते हैं। भारतीय रिज़र्व बैंक ने यह भी कहा है कि बैंकों को

भारतीय कम्पनी और इसलिए बैंकों को अपेक्षाकृत अधिक राजनीतिक एवं विनियामक जोखिमों से अरक्षित करने वाले विभिन्न अधिकार क्षेत्रों मे स्थित विभिन्न मध्यवर्ती संस्थाओं की संरचना, अवस्थिति में जटिलता से पैदा होने वाले अतिरक्त जोखिम से सुरक्षित रखने के लिए उप-अनुषंगी संस्थाओं के सभी एक्सपोजरों का निरूपण करने वाली मानक आस्तियों के समक्ष (सभी विदेशी एक्सपोजरों के लिए लागू होने वाले देश जोखिम प्रावधान) के अलावा 2% का अतिरिक्त प्रावधान करना चाहिए।

## शाखा खोलने के लिए गांवों की पहचान राज्य-स्तरीय बैंकर समिति के संयोजक बैंकों को करनी चाहिए : भारतीय रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक ने राज्य-स्तरीय बैंकर समिति के संयोजक बैंकों को उनके राज्य में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (SCB) की शाखा रहित 5,000 से अधिक आबादी वाले गांवों की पहचान करने के लिए कहा है। पहचान किए गए इन गांवों को शखाएं खोलने के लिए अनुसूचित वाणिज्यक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) को आबंटित किया जाएगा। इस रूपरेखा के तहत शाखाएं खोलने का कार्य 31 मार्च, 2017 तक पूरा कर लिया जाना चाहिए।

## सरकार ने संशोधित परक्राम्य लिखत अधिनियम अधिसूचित किए

सरकार ने परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2015 को अधिसूचित कर दिया है। परक्राम्य लिखत (संशोधन) अधिनियम, 2015 केवल वाहक चेकों के मामले में, जो आदेशिती शाखा को प्रस्तुत किए जाते हैं और उस स्थिति में उस शाखा के स्यानीय न्यायालय को क्षेत्राधिकार प्राप्त होगा, को छोड़कर केवल उस न्यायालयं में वाद दायर करने की सुविधा प्रदान करता है जिसके स्थानीय क्षेत्राधिकार में आदाता के बैंक की वह शाखा आती है,,जहां आदाता अपने खाते के माध्यम से उस चेक को भुगतान हेतु प्रस्तुत करता है।

## बैंकिंग अभिशासन में सुधार आएंगे

वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने कहा है कि बैंकिंग में अभिशासन सुधारों पर संकेन्द्रण जारी रहेगा और प्रधान मंत्री जन-धन योजना के तहत मूलभूत बचत बैंक जमा खाते खोले जाने में पर्याप्त सुधार हुआ है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में अभिशासन में सुधार के एक अंग के रूप में उनकी वृद्धि एवं विकास के लिए उपयुक्त रणनीतियां निर्धारित करने के लिए बैंक बोर्ड ब्यूरो (BBB) का गठन और उसका ढांचा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पूर्णकालिक निदेशकों और उसके साथ ही गैर-कार्यपालक अध्यक्षों की नियुक्ति को प्रतिस्थपित कर देगा।



## वित्तीय साक्षरता केन्द्रो, बैंकों की ग्रामीण शाखाओं कों भिन्न-भिन्न खण्ड लक्ष्यांकित करना चाहिए : भारतीय रिज़र्व बैंक

भारतीय रिज़र्व बैंक चाहता है कि वित्तीय साक्षरता केन्द्र (FLC) और बैंकों की शाखाएं किसानो, सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों, विद्यालयीन बच्चों, स्वयं सहायता समूहों और वरिष्ठ नागरिकों सहित विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए उनके प्रति अनुकूल दृष्टिकोण अपनाएं। वह वित्तीय साक्षरता

शिविरों के ंआयोजन के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के अग्रणी जिला अधिकारी, जिला एवं स्थानीय प्रशासकों, विकास खण्ड स्तर के अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों, पंचायतों जैसे हितधारकों के बीच निचले स्तर पर समकालिकता का भी इच्छुक है।

## भारतीय रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीय आवास बैंक में 1,000 करोड़ रुपये की पूंजी लगाई

भारतीय रिज़र्व बैंक ने 12 जनवरी, 2016 को राष्ट्रीय आवास बैंक (NHB) की चुकता पूंजी में 1,000 करोड़ रुपये का अंशदान किया है, जिससे राष्ट्रीय आवास बैंक में उसकी शेयरधारिता 450 करोड़ रुपये से बढ़कर 1,450 करोड़ रुपये हो गई है। भारतीय रिज़र्व बैंक ने विशेषत: राष्ट्रीय आवास बैंक, जो अब भी उसकी पूर्णत:सकायक कम्पनी है, को पूंजीगत अंशदान के लिए 2014-15 वाले लेखांकन वर्ष में 1,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया था।

## सरकार ने दूसरी श्रृंखला वाले स्वर्ण बॉण्डों की कीमत प्रति ग्राम 2,600 रुपये तय की

भारत सरकार द्वारा सॉवरेन गोल्ड बॉण्डों की दूसरी श्रृंखला के लिए सोने के एक ग्राम के लिए 2,600 रुपये की कीमत निर्धारित की गई है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक अधिसूचना के अनुसार यह दर भारतीय सराफा और रत्नाभूषण संघ लिमिटेड द्वारा 11-15 जनवरी, 2016 के लिए प्रकाशित 999 की शुद्धता वाले सोने के साधारण अंतिम मूल्य के आधार पर निर्धारित की गई है।

## बैंकों, गेर-बैंकिंग कम्पनियो, बीकर्ताओं के लिए लेखांकन रूपरेखां जारी

भारत सरकार ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बेंकों को छोड़कर), बीमाकर्ताओं/बीमा कम्पनियों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कम्पनियों (NBFCs) के लिए भारतीय लेखांकन मानकों के लिए ं अंतरराष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग मानकों के साथ अभिसरित भारतीय लेखांकन मानक (Ind-AS) जारी कर दिया है। शहरी सहकारी बैंकों (UCBs) और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों ं(RRBs) को भारतीय लेखांकन मानक को लागू करने की आवश्यकता नहीं होगी और वे वर्तमान में मौजूदा लेखांकन मानकों का उपयोग करना जारी रखेंगे।

## बैंक भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम द्वारा ढाले गए सोने के सिक्के बेचेंगे



अब भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंकों को सरकार द्वारा स्वाधिकृत भारतीय खनिज और धातु व्यापार निगम (MMTC) द्वारा ढाले गए इंडिया गोल्ड क्वाइंस (सोने के सिक्के) बेचने की अनुमति दे दी है। हालांकि, बैंकों द्वारा आयातित सोने के सिक्के बेचने पर वर्तमान रोक जारी रहेगी। इंडिया गोल्ड क्वाइंस के लिए प्रयुक्त सोना स्वर्ण मुद्रीकरण योजना और स्वर्ण निक्षेप (जमा) योजना के अधीन भारत के भीतर एकत्रित पीली धातु ((सोना) होगा।

## भारतीय रिज़र्व बैंक अधिक सुरक्षात्मक विशेषताओं वाले 500 रुपये और 100 रुपये के नोट जारी करेगा

भारतीय  रिजर्व बैंक शीघ्र ही बढ़ी हुई सुरक्षात्मक विशेषताओं के साथ महात्मा गांधी श्रृंखला वाले 500 रुपये और 100 रुपये के मूल्य वर्ग वाले नये बैंक नोट संचलन में लाएगा। इन नोटां के पैनल में अंकों का आरोही आकार, ब्लीड लाइन तथा ऊपरी भाग पर विस्तारित पहचान चिन्ह मौजूद होंगे।

# बीमा

## नयी फसल बीमा योजना

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आज हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में किसानों के कल्याण हेतु लीक से हट कर एक योजना- प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना को अनुमोदित किया गया। इस योजना के अनुसार किसानों द्वारा सभी खरीफ फसलों के लिए केवल 2% के तथा सभी रबी फसलों के लिए 1.5% के एकसमान कमीशन का भुगतान किए जाने की व्यवस्था होगी। वार्षिक वाणिज्यिक और बागबानी वाली फसलों के मामले में किसानों द्वारा भुगतान किया जानेवाला प्रीमियम केवल 5% होगा। किसानों द्वारा भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम की दरें बहुत कम हैं तथा प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसल को हानि के समक्ष किसानों को पूरी बीमित रकम उपलब्ध कराने के लिए शेष प्रीमियम का भुगतान सरकार द्वारा किया जाएगा।

## दलालों द्वारा अननुपालन के सम्बन्ध में श्रेणीबद्ध दृष्टिकोण

भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने दलाल विनियमों अथवा उसके परिपत्रों, आदेशों, निर्देशों के अननुपालन / ंउल्लंघन आदि के लिए एक श्रेणीकृत दृष्टिकोण विकसित किया है। उक्त दृष्टिकोण में कार्यविधियों का वर्णन किया गया है तथा विनियमों, परिपत्रों, निर्देशों आदेशो के पहली बार उल्लंघन और दूसरी बार उल्लंघन के लिए कार्यप्रणाली निर्धारित की गई है।

## समूह स्वास्थ्य बीमा मे न्यूनतम 20 व्यक्ति जरूरी



भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI) ने यह प्रस्तावित किया है कि कोई समूह
बीमा पॉलिसी जारी किए जाने का पात्र बनने के लिए समूह में कम से कम 20 सदस्य होने चाहिए।
हालांकि, किसी सूक्ष्म समूह बीमा पॉलिसी के सम्बन्ध में न्यूनतम समूह आकार 5 सदस्यों वाला हो सकता है। भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (स्वास्थ्य बीमा) विनियम 2016 के एक्सपोजर मसौदे को जारी करते हुए प्राधिकरण ने यह भी प्रस्तावित किया है कि "जमा किए गए प्रीमियम साधारण रूप से किसी उत्पाद के उसके द्वारा निर्धारित उत्पाद फाइलिंग दिशानिर्देशों के अनुसार स्वीकृत कर दिए जाने के बाद तीन वर्ष की अवधि तक बदले नहीं जाने चाहिए।" उसके बाद बीमाकर्ता अनुभव के आधार पर प्रीमियम बदल सकता है।

# अर्थव्यवस्था

## अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने 2016-17 में भारत की वृद्धि का पूर्वानुमान 7.5% पर कायम रखा

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने 2016 के लिए  विश्व की आर्थिक संभावना में 3.4 % की कटौती करने के बावजूद वर्तमान वित्त वर्ष में 7.3% और अगले वित्त वर्ष के लिए भारत की वृद्धि का पूर्वानुमान 7.5% पर कायम रखा है।

# नयी नियुक्तियां

| **नाम** | **पदनाम / संगठन** |
|---|---|
| श्री रवि मेनन | मुख्य कार्यपालक  एचएसबीसी इंडिया आस्ति प्रबन्धन |
| श्री मयंक के. मेहता | कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ बड़ौदा |
| श्री दीन बंधु महापात्र | कार्यपालक निदेशक, केनरा बैंक |
| श्री विनोद कथूरिया | कार्यपालक निदेशक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया |
| श्री आर. सुब्रमणिय कुमार | कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक |
| श्री श्री ए. एस. राजीव | कार्यपालक निदेशक, इंडियन बैंक |
| श्री नागेश्वर राव वाई | कार्यपालक निदेशक, विजया बैंक |
| श्री सुनील मेहता | कार्यपालक निदेशक, कारपोरेशन बैंक |
| श्री राजकिरण राय जी. | कार्यपालक निदेशक, ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स |
| श्री रमेश एस. सिंह | कार्यपालक निदेशक ,देना बैंक |
| श्री जी. सुब्रह्मण्य अय्यर | कार्यपालक निदेशक , यूको बैंक |

# उत्पाद एवं गठजोड़



| **संगठन** | **जिस संगठन के साथ गंठजोड़ हुआ** | **उद्देश्य** |
|---|---|---|
| देना बैंक | सीएनएक्स कार्पोरेशन लिमिटेड | किसानों / व्यापारियों / संसाधकों के गोदाम रसीदों की गिरवी के समक्ष वित्तीयन हेतु संपार्श्विक प्रबन्धन सेवाएं प्राप्त करने के लिए। |
| आंध्रा बैंक | भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) | उसके ग्राहकों को तुरंत निधि विप्रेषण सुगम बनाने के लए। |
| भारतीय स्टेट बैंक | एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक ऑफ कोरिया (खे. एक्जिम) | 500 मिलियन डालर मूल्य की ऋण व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए। |

| | | |
|---|---|---|
| कारपोरेशन बैंक | भारतीय जीवन बीमा निगम | 4 लाष रुपये और उससे अधिक के खुदरा सावधि ऋणों को रक्षित करने हेतु समूह ऋण-सम्बद्ध बीमा योजना के लिए। |
| कारपोरेशन बैंक | राष्ट्रीय थोक (Bulk) संचालन निगम (NBHC) | पण्य प्रबन्धन में रणनीतिक सहयोग के लिए। |
| इंडसइंड बैंक | पेयू इंडिया | ऑनलाइन उपभोक्ता बैंकिंग उत्पादों की संपूर्ण संजाति के माध्यम से भारतीय उपभोक्ताओं के डिजिटल अनुभव को पुन: परिभाषित करने के लिए। |

# विदेशी मुद्रा

### फरवरी, 2016 माह के लिए लागू होने वाली विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमाराशियों की न्यूनतम दरें

| मुद्रा | 1 वर्ष | 2 वर्ष | 3 वर्ष | 4 वर्ष | 5 वर्ष |
|---|---|---|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 0.68500 | 0.86220 | 1.00460 | 1.15240 | 1.28530 |
| जीबीपी | 0.58000 | 0.8002 | 0.9263 | 1.0568 | 1.1804 |
| यूरो | -0.14400 | - 0.158 | -0.109 | 0.021 | 0.089 |
| जापानी येन | 0.01380 | 0.004 | -0.001 | 0.015 | 0.045 |
| कनाडाई डालर | 0.92000 | 0.723 | 0.783 | 0.860 | 0.970 |
| आस्ट्रेलियाई डालर | 2.13800 | 2.030 | 2.055 | 2.271 | 2.360 |
| स्विस फ्रैंक | -0.72750 | -0.765 | -0.723 | -0.628 | -0.513 |
| डैनिश क्रोन | 0.15200 | 0.1434 | 0.2061 | 0.3015 | 0.4420 |
| न्यूजीलैंड डालर | 2.62000 | 2.640 | 2. 730 | 2.840 | 2.960 |
| स्वीडिश क्रोन | -0.36700 | -0.279 | -0.080 | 0.157 | 0.388 |
| सिंगापुर डालर | 1.68000 | 1.825 | 1.985 | 2.135 | 2.250 |
| हांगकांग डालर | 1.14000 | 1.350 | 1.530 | 1.620 | 1.720 |
| म्यामार | 3.67000 | 3.660 | 3.720 | 3.760 | 3.800 |



स्रोत : www.fedai.0rg.in

### विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियां

| **मद** | **29 जनवरी, 2016 के दिन** | **29 जनवरी, 2016 के दिन** |
|---|---|---|
| | बिलियन् रुपये | मिलियन अमरीकी डालर |
| | 1 | 2 |

| | | |
|---|---|---|
| कुल प्रारक्षित निधियां | 23, 528.,2 | 3,49, 152..4 |
| क) विदेशी मुद्रा आस्तियां | 22, 026.3 | 3,26, 631.1 |
| ख) सोना | 1,143, 5 | 17, 240. 1 |
| ग) विशेष आहरण अधिकार | 270, 7 | 3, 988. 3 |
| घ) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष में प्रारक्षित निधि की स्थिति | 87.7 | 1, 292.9 |

स्रोत: भारतीय रिज़र्व बैंक

# शब्दावली

### सामान्य धोखाधड़ी रजिस्ट्री

एक केन्द्रीकृत खोजनेयोग्य डाटाबेस जिसमें ऋणदाता बैंकों द्वारा रिपोर्ट की गई पिछली घोखाधड़ियों के सभी महत्वपूर्ण रिकार्डों तक पहुंच सकते हैं।

# वित्तीय क्षेत्र की बुनियादी जानकारी

### बंधक समर्थित प्रतिभूति

बॉण्ड के प्रकार वाली एक ऐसी प्रतिभूति जिसमें संपार्श्विक बंधकों के समूह द्वारा उपलब्ध कराई जाती है। अन्तर्निहित बंधक से आय का उपयोग मूलधन और ब्याज की चुकौती करनें



में किया जाता है।

# संस्थान की प्रशिक्षण गतिविधियां

## मार्च, 2016 माह के लिए निर्धारित प्रशिक्षण कार्यक्रम

| क्रम सं. | कार्यक्रमों के नाम | तिथियां | स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रमाणित बैंक प्रशिक्षकों के लिए परीक्षोपरांत कक्षा में शिक्षण | 29-2- 2016 से 4-3-2016 | राष्ट्रीय बैंक प्रशिक्षण संस्थान परिसर, पुणे |
| 2 | प्रमाणित ऋण अधिकारियों के लिए परीक्षोपरांत कक्षा में शिक्षण | 1-3- 2016 से 5-3-2016 | नयी दिल्ली |
| 3 | परियोजना वित्त | 29-2-2016 से 5-3- 2016 | आईएमएफआर चेन्नै |

# संस्थान समाचार

## आईआईबीएफ का ऐंड्रोइड मोबाइल ऐप

आईआईबीएफ के उपाध्यक्ष और देना बैंक के अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक श्री अश्वनी कुमार द्वारा आरंभ किया गया आईआईबीएफ का ऐंड्रोइड मोबाइल ऐप डाउनलोड के लिए गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस अनुप्रयोग को डाउनलोड करने के बाद प्रयोक्ता के लिए आरंभ करने हेतु मूलभूत जानकारी (सदस्य का नाम, ई-मेल और मोबाइल संख्या) प्रदान करना आवश्यक होता है। इस अनुप्रयोग का उपयोग करते हुए अभ्यर्थी / सदस्य संस्थान, सदस्यता, परीक्षाओं, प्रशिक्षण, पुस्तकों एवं पत्र-पत्रिकाओं के बारे में जानकारी प्राप्त करने में समर्थ होगा।

## आईआईबीएफ द्वारा सोशल मीडिया में प्रवेश

संस्थान फेसबुक और यूट्यूब पर मौजूद है। यह कदम बैंकिंग एवं फाइनैंस में संस्थान के पाठ्यक्रमों को प्रासगिक एवं अद्यतन बनाने के लिए उनसे सूचना / प्रति-सूचना प्रा्त करने में उसकी सहायता करेगा।

## अपने ग्राहक को जानिए / धन-शोधन निवारण तथा ग्राहक सेवा परीक्षा



संस्थान अप्रैल 2016 और उसके बाद से अपने ग्राहक को जानिए / धन-शोधन निवारण तथा
ग्राहक सेवा परीक्षाओं का तिमाही आधार पर आयोजन करेगा। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.orgin देखें।

## परीक्षा के लिए दिशानिर्देशों / महत्वपूर्ण घटनाओं की निर्धारित तिथि

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के मई / जून माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों / दिशानिर्देशों और बैंकिंग एव वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष की 31 दिसम्बर तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

संस्थान द्वारा किसी कैलेंडर वर्ष के नवम्बर / दिसम्बर माह के दौरान आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के सम्बन्ध में प्रश्नपत्र में समावेश के लिए विनियामक द्वारा जारी अनुदेशों / दिशानिर्देशों और बैंकिंग एव वित्त के क्षेत्र में केवल पिछले वर्ष की 31 दिसम्बर तक की महत्वपूर्ण घटनाओं पर ही विचार किया जाएगा।

**संस्थान की परीक्षाओं के लिए अतिरिक्त अध्ययन सामग्री**

संस्थान ने विविध परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक के मुख्य (मास्टर) परिपत्रों और अन्य स्त्रोतों से संग्रहीत अतिरिक्त अध्ययन सामग्री अपनी वेब साइट पर डाल रखी है। ये परीक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण हैं। अधिक जानकारी के लिए www.iibf.orgin देखें।

**नयी पहलकदमी**

वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिये भेजने के लिए सदस्यों से अनुरोध है कि वे संस्थान के पास अपने ई-मेल पते अद्यतन करवा लें तथा वार्षिक रिपोर्ट ई-मेल के जरिये प्राप्त करने हेतु अपनी सहमति भेज दें।

----------------------------------------------------------------------------------------
---

* भारत के समाचार पत्र पंजीकार (रजिस्ट्रार) के पास आरएनआई संख्या : 69228 /1998 के अधीन पंजीकृत

-------------------------------------------------------------------------------------
----



## बाज़ार की खबरें

### भारित औसत मांग दरें

7.5
7
6.5
6
5.5
5

01/01/2016 02/01/2016 04/01/2016 06/01/2016 08/01/2016 13/01/2016 16/01/2016 19/01/2016 25/01/2016 28/01/2016 29/01/2016

**स्त्रोत : भारतीय समाशोधन निगम लिमिटेड न्यूज़लेटर, जनवरी, 2016**

## भारतीय रिज़र्व बैंक की संदर्भ दरें

102.00
97.00
92.00
87.00
82.00
77.00
72.00
67.00
62.00
57.00
52.00

01/01/2016 04/01/2016 07/01/2016 08/01/2016 11/01/2016 13/01/2016 14/01/2016
18/01/2016 20/01/2016 21/01/2016 25/01/ 2016 28/01/2016 29/01/2016

अमरीकी डालर यूरो 100 जापानी येन पौंड स्टर्लिंग

**स्रोत : भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)**

14

## बम्बई शेयर बाज़ार सूचकांक

26500
26000
25500
25000
24500
24000
23500
25000
24800

01/01/2016 04/01/2016 06/01/2016 07/01/2016 12/01/20 16 13/01/2016 18/01/2016 19/01/2016
20/01/2016 21/01/2016 28/01/2016 29/01/3016

**स्रोत : बम्बई शेयर बाज़ार (BSE)**

डॉ. जे. एन. मिश्र द्वारा मुद्रित, डॉ. जे. एन. मिश्र द्वारा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स की ओर से प्रकाशित तथा ऑनलुकर प्रेस, 16 सासून डॉक, कोलाबा, मुंबई - 400 005 में मुद्रित एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स, कोहिनूर सिटी, कॉमर्शियल- II,, टॉवर -1, 2री मंजिल, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम), मुंबई -400 070 से प्रकाशित।

**संपादक : डॉ. जे. एन. मिश्र**

सेवा में
इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग एण्ड फाइनैन्स
कोहिनूर सिटी, कॉमर्शियल- II, टॉवर -1, 2री मंजिल, किरोल रोड, कुर्ला (पश्चिम)
मुंबई - 400 070
टेलीफोन : 91-22 2503 9604 / 9607 फैक्स : 91-22-2503 7332
तार : INSTIEXAM  ई-मेल : iibgen@bom5 vsnl.net.in.
वेबसाइट : www.iibf.org.in.

# आईआईबीएफ विज़न फरवरी, 2016